# CORELDRAW

# GRAPHICS

# SUITE

# X7.

------------------------------------------------------------------------------------------------

# Course Contents. CorelDraw Graphics Suite X7.

## Module-I Corel Draw (X7)...........................................30 Days.

**This Module Will Enable You to Create Logos, Broachers, Visiting Card, Flex and Many More.**

**Contents.**

**Chapter-1. What Is Corel Draw?........................................................................... 5**

Introduction of CorelDraw.
How to Open CorelDraw Software.
How to Work in CorelDraw Software.
How to Close CorelDraw Software.
The Title Bar.
Welcome Screen.
Customize Toolbar.
CorelDraw Terms.
Application Window.
Standard Toolbar.
Exploring Toolbox.
Property Bar & Dockers.
Status Bar.

**Chapter-2. CorelDraw X7 Toolbox. ........................................................................ 7**

Selecting and Moving Object.
Shaping Object.
Cropping & Zooming Object.
Using Freehand, Bezier, Pen and Curve Tools.
Using Artistic Media.
Creating Rectangle, Ellipse and Polygon.
Using Text Tool.
Applying Drop Shadow, Distort, Envelop and Extrude.
Applying Uniform Fill, Fountain Fill, Postscript Fill and Mesh Fill.
Applying Transparency and Eyedropper.
Applying Smart Fill Tool.
Using Outline Pen & Edit Fill.
Quick Customize Tools.

**Chapter-3. File Menu. (Alt+F). ........................................................................ 39**

Open New Blank Document.
Saving Your New Drawing.
Open Save File.
Importing Files.
Exporting Files.
Scanning File.
Using Setting Printing.
Exit Software.

**Chapter-4. Edit Menu. (Alt+E). ........................................................................ 46**

Clipboard Menu.
Deleting Text.
Cutting, Copying and Pasting.
Undoing and Redoing Actions.
Using Copy Property From.
Selecting Text, Objects, Notes, Guidelines.
Using Find and Replace a Text and object.

**Chapter-5. View Menu. (Alt+V). ........................................................................ 51**

Using Simple Wireframe and Enhance.
Using Full Screen Preview.
Using Page Sorter View.
Using Page Border.
Using Grid, Ruler and Guide Lines.

**Chapter-6. Layout Menu. (Alt+L). ........................................................................ 58**

Using Insert, Duplicate, Rename and Delete Page.
Using Page Setup.
Apply Page Background.

**Chapter-7. Object. Menu (Alt+J). ........................................................................ 63**

Apply Insert Barcode.
Using Symbol Library.
Apply Power Clip Command.
Using Alignment and Order.
Using Combine and Break Apart.
Using Group and Hide Command.
Using Shaping Command.
Apply Convert To Curves.

---

**Chapter-8. Effects Menu. (Alt+C). ........................................................................ 76**

Apply Bevel and Lens Effects.
Using Add Perspective.

**Chapter-9. Bitmaps Menu. (Alt+B). ........................................................................ 81**

Apply Convert To Bitmap.
Using Edit Bitmap & Crop Bitmap.
Apply Colour Mode.
Using 3D Effects.
Apply Art Strokes.
Apply Blur Commands.
Using Color Transform.
Apply Creative & Distort Command.
Using Noise & Apply Texture.

**Chapter-10. Text Menu. (Alt+X). ........................................................................ 89**

Using Text Property.
Using Column and Bullets.
Using Drop cap and Font Playground.
Edit Text and Insert Characters.
Using Fit Text Path.
Apply Change Case & Text Statics.

**Chapter-11. Table Menu (Alt+T)........................................................................ 94**

Creating Selecting and Deleting Table.
Using Merge and Unmerge Cell.

**Chaptr-12. Tools Menu (Alt+O). ........................................................................ 95**

Using Customize Options.

**Chapter-13. Window Menu. (Alt+W)........................................................................ 96**

Creating New Window and Close Window.
Using Arranging Window.
Using Default Toolbar and Colour Bar.

**Chapter-14. Corel Draw X7. Keyboard Shortcut Key. ................................................ 98**

## CorelDRAW Graphics Suite X7.

**Chapter-1. What Is CorelDraw?** कोरलड्रॉ एक वेक्टर ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर है जिसे कोरल कंपनी द्वारा विकसित किया गया है यह लोगो, ब्रोशर, वेबसाइट, डिजाइन, और अन्य ग्राफिक्स बनाने के लिए उपयोग किया जाता है कोरलड्रॉ, कोरल ग्राफिक्स सूट का एक हिस्सा है जिसमे बिटमैप, इमेज एडिटर, कोरल फोटो पेंट और अन्य ग्राफिक्स संबंधित प्रोग्राम संबंधित शामिल है यह एक शक्तिशाली और लोकप्रिय सॉफ्टवेयर है जिसका उपयोग विभिन्न उद्योगों में किया जाता है जैसे कि साइनमेकिंग, विनाइल कटिंग, और प्रिंट आन डिमांड।

**Extensions Name of CorelDraw File. .CDR** (CorelDraw.).

**How to Open CorelDraw Software?**

Click on Start Button > Programs > CorelDraw Folder > CorelDraw X7.

Click on Window Button > Search > Type > CorelDrawX7. > Enter.

Double Click on CorelDraw. Icon on Desktop.

**Title Bar.** टाइटल बार बिंडो के टॉप मे होता है जो हमारे प्रोग्राम के नाम को बताता है इसमे तीन बटन होती है मिनीमाइज, मैक्सीमाइज, और क्लोज बटन।

**Menu Bar.** कोरलड्रॉ में मेनू बार एक सॉफ्टवेयर के शीर्ष पर स्थित एक पट्टी होती है जहॉ विभिन्न मेनू जैसे फाइल, एडिट, व्यू, बिटमैप आदि होते है जिनसे आप विभिन्न कार्यो और सेटिंग्स तक पहुँच सकते है।

**Tool Box.** कोरलड्रॉ में टूल बॉक्स एक ऐसा पैनल है जहॉ विभिन्न टूल और फंक्शन के आइकॉन होते है जिनका उपयोग विभिन्न उद्योगों में किया जाता है जैसे कि साइनमेकिंग, विनाइल कटिंग, और प्रिंट आन डिमांड।

**Property Bar.** कोरलड्रॉ में इसका मतलब है कि प्रॉपर्टी बार का कटेंट हमेशा बदलता रहता है यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कौन सा टूल या ऑब्जेक्ट सेलेक्ट कर रहे है।


**Rulers.** कोरलड्रॉ में रूलर आपको वस्तुओं को सटीक रूप से रखने में मदद करते है खासकर जब आपको उन्हें एक विशिष्ट स्थान पर रखने की आवश्यकता होती है।

**Status Bar.** कोरलड्रॉ में स्टेटस बार एक ऐसा क्षेत्र होता है जो विंडो के निचले हिस्से में स्थित होता है यह फाइल, इमेज, या टूल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करता है।


**Color Palette.** कोरलड्रॉ में कलर पैलेट रंगो का एक संग्रह है जिसका उपयोग टेक्स्ट और ऑब्जेक्ट्स पर रंग भरने या आउटलाइन रंग सेट करने के लिए किया जाता है।

**Welcome Screen.** कोरलड्रॉ में वेलकम स्क्रीन एक शुरूआती बिंदु है जो आपको विभिन्न कार्यो को करने में मदद करता है । यह आपको एक नया दस्तावेज शुरू करने हाल ही में उपयोग किए गए दस्तावेजो को खोलने की अनुमति देता है।


---




## Chapter-2. CorelDraw X7 Toolbox.




 **Pick Tool.** कोरलड्रॉ में पिक टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट्स को सेलेक्ट करने उसे मूव करने और ट्रांसफार्म करने के लिए किया जाता है यह टूल कोरलड्रॉ में सबसे महत्वपूर्ण टूल में से एक है। पिक टूल का उपयोग करके ऑब्जेक्ट को रिसाइज, रोटेट और स्क्यू कर सकते है।



---

**Freehand Pick.** कोरलड्रॉ में फ्रीहैंड पिक टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट के एक विशिष्ट भाग को सेलेक्ट करने के लिए किया जाता है खासकर जब जब आपके पास बहुत सारे ऑब्जेक्ट हो और आप खास हिस्से को चुनना चाहते है

**Free Transform Tool.** कोरलड्रॉ में फ्री ट्रांसफॉर्म टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट को घुमाने, आकार बदलने, तिरछा करने के लिए किया जाता है। यह टूल आपको ऑब्जेक्ट पर कई तरह के परिवर्तन करने की अनुमति देता है।




**Free Rotation.** कोरलड्रॉ में फ्री रोटेशन टूल को फ्री ट्रांसफॉर्म टूल के भीतर पाया जा सकता है। यह टूल आपको ऑब्जेक्ट को घुमाने, स्केल करने, आकार बदलने, तिरछा करने की अनुमति देता है।


**Free Angle Reflection.** कोरलड्रॉ में फ्री एंगल रिफ्लेक्शन टूल एक ऐसा उपकरण है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट को एक विशिष्ट कोण पर घुमाने और आईने की तरह दिखने वाला प्रतिबिंब बनाने की अनुमति देता है।

**Free Scale.** कोरलड्रॉ में फ्री स्केल टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट को बिना किसी निश्चित अनुपात में स्केल करने के लिए किया जाता है। यह टूल आपको ऑब्जेक्ट के आकार को अपनी इच्छानुसार बदलने की अनुमति देता है चाहे वह चौडाई, ऊचाई या दोनो में हो।

**Free Skew.** कोरलड्रॉ में फ्री स्क्यू टूल एक ऐसा टूल है जो आपको किसी इमेज या ऑब्जेक्ट को बिना किसी निश्चित कोण के अपनी इच्छा अनुसार तिरछा करने की अनुमति देता है।


**Shape Tool. (F10).** कोरलड्रॉ में शेप टूल का उपयोग किसी भि वस्तु के आकार को बदलने या संशोधित करने के लिए किया जाता है यह टूल विशेष रूप से वक्रो और नोड्स के साथ काम करने के लिए डिजाइन किया गया है जिससे वस्तुओं को मनचाहे तरीके से आकार दे सकते है।

---





**Smooth.** कोरलड्रॉ में स्मूथ टूल का उपयोग करके किसी भी आकार के कोनो को चिकना करने के लिए किया जाता है। यह टूल तीखे किनारों या कोनो को हटाकर उन्हें अधिक गोल और आकर्षक बनाता है।

**Smear.** कोरलड्रॉ में स्मीयर टूल का उपयोग किसी वस्तु को खींचने या फैलाने के लिए किया जाता है जिससे वह एक खास दिशा में स्मज या धुंधली दिखाई देती है।





**Twirl.** कोरलड्रॉ में ट्विरल एक ऐसा टूल है जो किसी भी आकार को घुमाने के लिए उपयोग किया जाता है यह टूल आकार के किनारों पर एक प्रभाव बनाता है सिससे वे एक घुमावदार रूप ले लेते है।




**Attract.** कोरलड्रॉ में अट्रैक्ट टूल एक ऐसा टूल है जिसका उपयोग किसी ऑब्जेक्ट के किनारे को खींचकर उसे नया आकार देने के लिए किया जाता है। जिससे किनारे को अंदर या बाहर की तरफ खींचा जा सकता है।


**Repel.** कोरलड्रॉ में रिपेल टूल का उपयोग किसी आकार को विकृत करने के लिए किया जाता है। जिससे एक उभरा हुआ या विकृत प्रभाव पैदा होता है।

**Smudge.** कोरलड्रॉ में स्मज टूल का उपयोग किसी रेखा या आकार को विकृत करने खींचने या स्मियर करने के लिए किया जाता है।




---

**Roughen.** कोरलड्रॉ में रफन टूल का उपयोग किसी रेखा या आकार को खुरदुरा बनाने के लिए किया जाता है।





**Crop Tool.** कोरलड्रॉ में क्रॉप टूल का उपयोग किसी इमेज या ऑब्जेक्ट के अवांछित हिस्सों को हटाने के लिए किया जाता है जिससे केवल वांछित क्षेत्र ही रह जाता है।





**Knife Tool.** कोरलड्रॉ में नाइफ टूल का उपयोग किसी वेक्टर ऑब्जेक्ट, टेक्स्ट या बिटमैप को काटने या विभाजित करने के लिए किया जाता है। जिससे दो या दो से अधिक भाग बन जाता है।

---




**Virtual Segment Delete.** कोरलड्रॉ में वर्चुअल सेगमेंट डिलीट टूल ओवरलैप होने वाले लाइन सेगमेंट को हटाने का एक आसान तरीका है। यह टूल विशेष रूप से तब उपयोगी होता है जब आप किसी ऑब्जेक्ट के उन हिस्सों को हटाना चाहते है।

**Eraser Tool.** कोरलड्रॉ में इरेजर टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट या इमेज के हिस्से को मिटाने के लिए किया जाता है। यह टूल किसी पेंसिल या इरेजर की तरह काम करता है। जिससे आप अवांछित हिस्सो को हटा सकते है।



---

**Zoom In (Ctrl++).** कोरलड्रॉ में जूम इन टूल का उपयोग किसी चित्र या ऑब्जेक्ट को बडा करके देखने के लिए किया जाता है। यह आपको छोटे, छोटे विवरणों को देखने में मदद करता है।

**Zoom Out (F3).** कोरलड्रॉ में जूम आउट टूल का उपयोग किसी चित्र या ऑब्जेक्ट को छोटा करके देखने के लिए किया जाता है।


**Zoom To Select (Shift+F2).** कोरलड्रॉ में जूम टू सेलेक्शन टूल का उपयोग किसी चुनी हुई वस्तु या वस्तुओं के समूह को जूम करके देखने के लिए किया जाता है। यह टूल आपको चयनित क्षेत्र को स्क्रीन पर पूरी तरह से फिट करने के लिए जूम इन जूम आउट करने की अनुमति देता है।

**Zoom To All Objects (F4).** कोरलड्रॉ में जूम टू आल ऑब्जेक्ट टूल का उपयोग ड्राइंग में मौजूद सभी ऑब्जेक्ट को एक साथ देखने के लिए किया जाता है। ताकि वे सभी एक ही स्क्रीन पर दिखाई दें।


**Zoom To Page (Shift+F4).** कोरलड्रॉ में जूम टू पेज टूल का उपयोग करके आप पुरे पेज को अपनी ड्राइंग विंडो में फिट करने के लिए जूम कर सकते है। यह आपको एक ही बार में पूरे पेज को देखने की अनुमति देता है।

**Zoom To Page Width.** कोरलड्रॉ में जूम टू पेज विड्थ टूल का उपयोग करके आप अपने डिजाइन पेज को इस तरह जूम कर सकते है। कि वह आपकी स्क्रीन की चौडाई में पूरी तरह से फिट हो जाए।


**Zoom To Page Height.** कोरलड्रॉ में जूम टू पेज हाइट टूल का उपयोग करके आप अपने डिजाइन को इस तरह से छोटा या बडा कर सकते है कि उसकी ऊंचाई तक समायोजित हो जाए।




**Pan Tool. (H).** कोरलड्रॉ में इसकी मदद से आप डिजाईन को इधर से उधर ड्रैग कर सकते है।




**Freehand. (F5).** कोरलड्रॉ में फ्रीहैंड टूल एक ऐसा टूल है जो आपको पेंसिल की तरह इस्तेमाल करने की सुविधा देता है जिससे आप बिना किसी प्रतिबंध के अपनी मर्जी से रेखाएं और आकार बना सकते है।




---

**2-Point Line.** कोरलड्रॉ में टू पॉइंट लाइन एक सीधी रेखा खींचने के लिए इस्तेमाल होने वाला टूल है। यह टूल दो बिंदुओं पर क्लिक करके एक रेखा बनाता है जिससे आप आसानी से सीधी रेखाएं बना सकते हैं।

**Bezier Tool.** कोरलड्रॉ में बेजियर टूल का उपयोग वक्र और एंकर पॉइंट्स बनाने के लिए किया जाता है। यह टूल एक फ्रीहैंड टूल की तरह है लेकिन इसमें आप वक्रों को अधिक सटीकता से नियंत्रित कर सकते है।


**Pen Tool.** कोरलड्रॉ में पेन टूल का उपयोग करके आप लाइनें, वक्र और आकार बना सकते हैं। यह एक शक्तिशाली उपकरण है जिसका उपयोग करके आप जटिल आकृतियॉ बना सकते है और उन्हें संपादित कर सकते है।





**B-Spline Tool.** कोरलड्रॉ में B-Spline टूल का उपयोग चिकनी वक्र बनाने के लिए किया जाता है। यह टूल सीधी रेखाओं के बजाय स्मूथ, घुमावदार रेखाएँ बनाने में मदद करता है यदि आप किसी विशिष्ट बिंदु पर वक्र को जकड.ना चाहते है।

**Polyline Tool.** कोरलड्रॉ में पॉलीलाइन टूल का उपयोग फ्रीहैंड टूल का एक हिस्सा है जो आपको रेखाएं और वक्र खींचने की अनुमति देता है। यह टूल आपको एक साथ कई रेखाखंड या वक्र बनाने की सुविधा देता है जिससे आप जटिल आकार बना सकते है।

**3-Point Curve Tool.** कोरलड्रॉ में 3 पॉइंट कर्व टूल का उपयोग सरल वक्र बनाने के लिए किया जाता है। यह टूल आपको वक्र की शुरूआत अंत और ऊचाई निर्दिष्ट करने की अनुमति देता है





**Smart Drawing (Shift+S).** कोरलड्रॉ में स्मार्ट ड्राइंग टूल एक ऐसा फीचर है जो उपयोगकर्ताओं को साधारण आकृतियों को अधिक सटीक और सहजता से बनाने में मदद करता है। यह टूल आपके द्वारा बनाई गई आकृतियों को स्वचालित रूप से ठीक करता है।




---

**Artistic Media. (I).** कोरलड्रॉ में आर्टिस्टिक मीडिया टूल एक ऐसा उपकरण है जो आपको विभिन्न प्रकार के कलात्मक प्रभाव बनाने की अनुमति देता है। यह एक ब्रश की तरह काम करता है लेकिन इसमें प्रीसेट ब्रश स्ट्रोक, कैलीग्राफी इफेक्ट्स और स्प्रेयर जैसे कई विकल्प उपलब्ध है जिनका उपयोग करके आप साधारण रेखाओं या आकृतियों को आकर्षक ग्राफिक्स में बदल सकते है।





**Rectangle Tool. (F6).** कोरलड्रॉ में रेक्टेंगल टूल का उपयोग आयत और वर्ग बनाने के लिए किया जाता है। यह टूल आपको एक कोने से दूसरे कोने तक खींचकर आयत या वर्ग बनाने की अनुमति देता है।



---


**3-Point Rectangle Tool.** कोरलड्रॉ में 3 पॉइंट रेक्टेंगल टूल एक ऐसा उपकरण है जो आपको तीन बिंदुओं का उपयोग करके आयत या वर्ग बनाने की अनुमति देता है। यह टूल रेक्टेंगल टूल ग्रुप के अंदर पाया जाता है।

**Ellipse Tool. (F7).** कोरलड्रॉ में एलिप्स टूल का उपयोग वृत्त और दीर्घवृत बनाने के लिए किया जाता है। यह टूल आपको विभिन्न प्रकार के गोलाकार आकार बनाने की सुविधा देता है जिनमें वृत, दीर्घवृत्त, और पाई आकार शामिल है।





**3-Point Ellipse.** कोरलड्रॉ में 3 पॉइंट एलिप्स टूल एक एक ऐसा उपकरण है जो आपको एक कोण पर एक एलिप्स बनाने की अनुमति देता है।

**Polygon Tool. (Y).** कोरलड्रॉ में पॉलीगॉन टूल का उपयोग बहुभुज आकार बनाने के लिए किया जाता है। यह एक वेक्टर ग्राफिक्स सॉफ्टवेयर है आप अपनी आवश्यकतानुसार बहुभुज में भुजाओं की संख्या को समायोजित कर सकते है।




---


**Star Tool.** कोरलड्रॉ में स्टार टूल का उपयोग करके आप आसानी से सितारे बना सकते हैं। यह टूल शेप टूल के अंतर्गत आता है और आपको साधारण या जटिल सितारे बनाने की सुविधा देता है।





**Complex Star Tool.** कोरलड्रॉ में कॉम्प्लेक्स स्टार टूल एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग जटिल तारों को बनाने के लिए किया जाता है जिससे आप विभिन्न प्रकार के आकर्षक और विस्तृत तारों को बना सकते है।





**Graph Paper. (D).** कोरलड्रॉ में ग्राफ पेपर टूल एक ऐसा उपकरण है। जिसका उपयोग ग्रिड या ग्राफ पेपर की तरह दिखने वाली आकृतियॉं बनाने के लिए किया जाता है। जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाने के लिए किया जा सकता है।




**Spiral Tool. (A).** कोरलड्रॉ में स्पाइरल टूल एक ऐसा टूल है जिसका उपयोग स्पाइरल आकार बनाने के लिए किया जाता है।




**Basic Shape Tool.** कोरलड्रॉ में बेसिक शेप टूप का उपयोग विभिन्न प्रकार की बुनियादी आकृतियों को बनाने के लिए किया जाता है जैसे कि आयत, वृत, त्रिभुज आदि




**Arrow Shape Tool.** कोरलड्रॉ में एरो शेप टूल का उपयोग करके आप विभिन्न प्रकार के तीर बना सकते है।

**Flowchart Shapes Tool.** कोरलड्रॉ में फ्लोचार्ट आकृतियॉं एक विशेष प्रकार का टूल है जो फ्लोचार्ट को बनाने के लिए उपयोग किया जाता है यह विभिन्न प्रकार के आकृतियॉं जैसे आयत बनाने के लिए किया जाता हैं।

**Banner Shapes Tool.** कोरलड्रॉ में बैनर शेप्स टूल का उपयोग करके बैनर बना सकते है। और इसका उपयोग करके आकारो को संपादित कर सकते है।

**Callout Shapes Tool.** कोरलड्रॉ में कॉलआउट शेप टूल का उपयोग विशिष्ट वस्तुओं को इंगित करने के लिए टेक्स्ट या रेखाओं के साथ आकृत बनाने के लिए किया जाता है जैसे कि आयताकार, वृत्ताकार या टेक्स्ट को जोडता है।

**Text Tool. (F8).** कोरलड्रॉ में टेक्स्ट टूल एक ऐसा टूल है जिसका उपयोग टेक्स्ट लिखने संपादित करने और विभिन्न तरीको से फॉर्मेट करने के लिए किया जाता है।






**Table Tool.** कोरलड्रॉ में टेबल टूल का उपयोग करके आप एक ग्रिड टेबल बना सकते है जिसमें पंक्तियॉ और कॉलम होते है। इस टूल का उपयोग करके आप टेबल में टेक्स्ट जोड सकते है सेल का रंग बदल सकते है।




**Parallel Dimension Tool.** कोरलड्रॉ में पैरेलल डायमेंशन टूल का उपयोग किसी वस्तु की लंबाई और चौडाई को मापने के लिए किया जाता है। आप किसी भी दिशा में माप लेने के लिए इसका उपयोग कर सकते है।

**Horizontal or Vertical Dimension Tool.** कोरलड्रॉ में हॉरिजॉन्टल और वर्टिकल डायमेंशन टूल दो अलग, अलग प्रकार के डायमेंशन टूल है जो किसी ऑब्जेक्ट की क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दूरी को मापने के लिए उपयोग किए जाते है।

**Angular Dimension Tool.** कोरलड्रॉ में एंगुलर डायमेंशन टूल का उपयोग दो रेखाओं के बीच के कोण को मापने के लिए किया जाता है आप इस टूल का उपयोग करके अपनी डिजाइन में किसी भी कोण को आसानी से माप सकते है।

**Segment Dimension Tool.** कोरलड्रॉ में सेगमेंट डायमेंशन टूल का उपयोग किसी आकार के एक विशिष्ट खंड की लंबाई या दूरी मापने के लिए किया जाता है

**3-Point Callout Dimension Tool.** कोरलड्रॉ में 3 पॉइंट कॉलआउट डायमेंशन टूल का उपयोग कोण और घुमाव के साथ आयाम दिखाने के लिए किया जाता है जो कोण और रेखा की लंबाई को दर्शाता है।


**Straight Line Connector Tool.** कोरलड्रॉ में स्ट्रेट लाइन कनेक्टर टूल का उपयोग वस्तुओं को जोडने और उनके बीच संबंध दिखाने के लिए किया जाता है

**Right Angle Connector Tool.** कोरलड्रॉ में राइट एंगल कनेक्टर टूल एक ऐसा टूल है जो दो आब्जेक्ट्स को 90 डिग्री के कोण पर जोडने के लिए इस्तेमाल होता है।

**Rounded Right Angle Connector Tool.** कोरलड्रॉ में राउंडेड एंगल कनेक्टर एक टूल है जिसका उपयोग दो आकृतियों को एक धुमावदार कोण वाले रेखा से जोडने के लिए किया जाता है।


**Edit Anchor Tool.** कोरलड्रॉ में एडिट एंकर टूल का उपयोग कनेक्टर लाइनों के एंकर पॉइंट्स को संशोधित करने के लिए किया जाता है।

**Drop Shadow Tool.** कोरलड्रॉ में ड्रॉप शैडो टूल एक ऐसा फिचर है जो किसी ऑब्जेक्ट के पिछे एक परछाई जैसा इफेक्ट बनाने में मदद करता है। यह टूल कोरलड्रॉ में किसी भी ऑब्जेक्ट, टेक्स्ट, या शेप पर लगाया जा सकता है।





**Contour Tool.** कोरलड्रॉ में कंटूर टूल का उपयोग किसी वस्तु के चारों ओर एक या एक से अधिक समकेन्द्रीय रेखाएँ या आकार बनाने के लिए किया जाता है जिससे 3D प्रभाव बनाए जा सकते है।

---




**Blend Tool.** कोरलड्रॉ में ब्लेंड टूल दो या दो से अधिक वस्तुओं को मिलाकर एक नया रूप देने के लिए इस्तेमाल होता है। यह टूल वस्तुओं के बीच आकार, रंग, और अन्य गुणो का धीरे, धीरे बदलने का काम करता है।





**Distort Tool.** कोरलड्रॉ में डिस्टॉर्ट टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट के आकार को बदलने के लिए किया जाता है। जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के प्रभाव बनाने के लिए किया जा सकता है।

**Push And Pull Distortion Tool.** कोरलड्रॉ में पुश एंड डिस्टॉर्शन टूल एक प्रभाव है यह टूल किसी वस्तु के आकार को बदलने और विभिन्न प्रकार के प्रभाव बनाने के लिए उपयोगी है।


---

**Zipper Distortion Tool.** कोरलड्रॉ में जिपर डिस्टॉर्शन टूल एक ऐसा टूल है जिसका उपयोग किसी ऑब्जेक्ट को जिप की तरह दिखने वाले विरूपण प्रभाव देने के लिए किया जाता है।

**Twister Distortion Tool.** कोरलड्रॉ में यह एक डिस्टॉर्शन टूल है जिसका उपयोग किसी ऑब्जेक्ट को घुमाने और मोडने के लिए किया जाता है।





**Envelop Tool**. कोरलड्रॉ में एनवेलप टूल का उपयोग वस्तुओं को आकार देने के लिए किया जाता है। जैसे कि वक्र,पाठ या बिटमैप छवियां ताकि उन्हे एक विशिष्ट आकार में ढाला जा सके।




---

**Extrude Tool**. कोरलड्रॉ में एक्सटुड टुल का उपयोग किसी वस्तु को 3D दिखाने के लिए किया जाता है। यह टूल किसी ऑब्जेक्ट से बिंदुओं को प्रक्षेपित करके और उन्हे जोडकर एक 3D प्रभाव पैदा करता है।





**Transparency Tool**. कोरलड्रॉ में ट्रांसपेरेंसी टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट को आंशिक रूप से पारदर्शी बनाने के लिए किया जाता है जिससे अन्य ऑब्जेक्ट के ऊपर या नीचे धुंधला दिखाई दे।





**Color Eyedropper Tool.** कोरलड्रॉ में कलर आईड्रॉपर टूल एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग किसी भी रंग का नमूना लेने के लिए किया जाता है जिसका उपयोग आप अपने डिजाइन में कर सकते है।

---





**<u>Attributes Eyedropper Tool.</u>** कोरलड्रॉ में एट्रिब्यूट्स आईड्रॉपर टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट के गुणो जैसे रंग, आकार, प्रभाव को कॉपी करके दूसरे ऑब्जेक्ट पर लागू करने के लिए किया जाता है।

**<u>Interactive Fill Tool (G).</u>** कोरलड्रॉ में इंटरेक्टिव फिल टूल एक ऐसा टूल है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट में विभिन्न प्रकार के रंग और पैटर्न भरने की सुविधा देता है। यह आपको रंगो को मिलाने की अनुमति देता है जिससे आप अपने डिजाइन को और अधिक आकर्षक बना सकते है।




---

**Mesh Fill Tool (M).** कोरलड्रॉ में मेश फिल टूल एक ऐसा टूल है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट में रंगो को अधिक सहज तरीके से भरने की सुविधा देता है। यह टूल एक ग्रिड बनाता है जिस पर आप अलग, अलग रंगो के नोड्स सेट कर सकते है।





**Smart Fill Tool.** कोरलड्रॉ में स्मार्ट फिल टूल एक ऐसा टूल है जिसका उपयोग दो या दो से अधिक आकृतियों के इंटरसेक्शन से बनी बंद जगह को भरने या एक नया ऑब्जेक्ट बनाने के लिए किया जाता है।



---

**Outline Pen Tool (F12).** कोरलड्रॉ में आउटलाइन पेन टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट की आउटलाइन को सेट करने के लिए किया जाता है। इसमे आप आउटलाइन का रंग, चौडई और कोनो के आकार को बदल सकते है।




**Outline Color Tool (Shift+F12).** कोरलड्रॉ में आउटलाइन कलर टूल किसी ऑब्जेक्ट की आउटलाइन के रंग बदलने के लिए उपयोग किया जाता है।


**No Outline Tool.** कोरलड्रॉ में नो आउटलाइन टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट की आउटलाइन को हटाने के लिए किया जाता है जिससे वह बिना किसी बॉर्डर के दिखाई देगा।

**Hairline Outline Tool.** कोरलड्रॉ में हेयरलाइन आउटलाइन एक बहुत ही पतली रेखा या आउटलाइन होती है जो लगभग न के बराबर मोटाई की होती है।


**Edit Fill Tool.** कोरलड्रॉ में एडिट फिल टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट में भरे हुए रंग, पैटर्न, को संपादित करने के लिए किया जाता है।

**No Fill Tool.** कोरलड्रॉ में नो फिल टूल का मतलब है किसी ऑब्जेक्ट या क्षेत्र से फिल किए गए कलर को हटाना है।


**Uniform Fill Tool.** कोरलड्रॉ में यूनिफॉर्म फिल टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट या क्षेत्र में एक समान रंग भरने के लिए किया जाता है।




**Fountain Fill Tool. (F11).** कोरलड्रॉ में फाउंटेन फिल टूल एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग किसी ऑब्जेक्ट में ग्रेडिएंट रंग भरने के लिए किया जाता है। फाउंटेन फिल टूल दो या दो से अधिक रंगो को मिलाने कि अनुमति देता है।





**Vector Pattern Fill.** कोरलड्रॉ में वेक्टर पैटर्न फिल टूल एक ऐसा उपकरण है जो आपको वेक्टर आधारित पैटर्न के साथ वस्तुओ को भरने की अनुमति देता है। जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाने के लिए किया जाता है।




**Bitmap Pattern Fill.** कोरलड्रॉ में बिटमैप पैटर्न फिल टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट या क्षेत्र को एक बिटमैप इमेज के पैटर्न से भरने के लिए किया जाता है। जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के डिजाइन बनाने के लिए किया जाता है।


**Two Color Pattern Fill.** कोरलड्रॉ में टू कलर पैटर्न फिल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट या क्षेत्र में दो रंगो का उपयोग करके एक पैटर्न के लिए किया जाता है।

**Texture Fill.** कोरलड्रॉ में टेक्सचर फिल टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट में एक बनावट पैटर्न के लिए किया जाता है। टेक्सचर फिल टूल आपको विभिन्न प्रकार के टेक्सचर पैटर्न प्रदान करता है।




---

**PostScript Fill.** कोरलड्रॉ में पोस्टस्क्रिप्ट फिल एक विशेष प्रकार का फिल है जिसका उपयोग जटिल पैर्टन बनाने के लिए किया जाता है। यह वेक्टर आधारित फिल है जिसका उपयोग विभिन्न आकारों और आकृतियों में किया जाता है।




**Color Tool.** कोरलड्रॉ में कलर टूल का उपयोग किसी ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट में रंग भरने और उसके आउटलाइन का रंग बदलने के लिए किया जाता है।




---

## Chapter-3. File Menu. (Alt+F).





**New (Ctrl+N).** इसके द्वारा हम एक नया पेज को लेते है। जिस पर आप अपनी डिजाइन या ग्राफिक्स बना सकते है।




**New From Template.** कोरलड्रॉ में न्यू फ्रॉम टेम्पलेट का मतलब है पहले से डिजाइन किए गए टेम्पलेट का उपयोग करके एक नई फाइल बनाना। इससे आप जल्दी से एक नया डॉक्यूमेंट बना सकते है।

**Open (Ctrl+O).** इसके द्वारा हम पहले से सेव फाइल को ओपन करके देखते है। ताकि आप उस पर काम कर सकें या देख सकें




**Open Recent.** कोरलड्रॉ में ओपन रीसेंट का मतलब है हाल ही में उपयोग की गई फाइलों की सूची देखना इस सूची में आप उन फाइलो पर क्लिक करके आसानी से खोल सकते है।

**Close (Ctrl+W).** कोरलड्रॉ में क्लोज का मतलब है किसी खुली हुई ग्राफिक फाइल या कोरलड्रॉ एप्लीकेशन को बंद करना।


**Close All.** कोरलड्रॉ में क्लोज आल का मतलब है कि सभी खुली हुई फाइल को एक साथ बंद करना।

**Save (Ctrl+S).** इसके द्वारा हम अपने फाइल को कोई भी नाम देकर सेव कर सकते है बाद में खोल कर फिर से उस पर काम कर सकते है।

**Save As (Ctrl+Shift+S).** इसके द्वारा हम पहले से सेव फाइल के नाम को बदल सकते है या दूसरे नाम से सेव कर सकते है।




**Save As Template.** कोरलड्रॉ में सेव ऐज टेम्पलेट का मतलब है अपनी वर्तमान डिजाइन को एक टेम्पलेट के रूप में सहेजने की प्रकिया। इससे आप उस डिजाइन को भविष्य में किसी नए प्रोजेक्ट के लिए शुरूआती बिंदु के रूप में उपयोग कर सकते है।





**Revert.** कोरलड्रॉ में रिवर्ट का मतलब है किसी फाइल को आखिरी बार सेव किए गए संस्करण में वापस ले जाना। इसका उपयोग तब किया जाता है जब आपने फाइल में कुछ बदलाव किए है और आप उस बदलाव को हटाना चाहते है और फाइल को पिछले संस्करण में वापस लाना चाहते है।

**Acquire Image.** कोरलड्रॉ में Acquire Image का मतलब है किसी स्कैनर या डिजिटल कैमरे से इमेज को सीधे कोरलड्रॉ में लाना इसका उपयोग तब किया जाता है जब आप अपने दस्तावेज मे कोई छवि जोडना चाहते है।


**Search Content.** कोरलड्रॉ में सर्च कंटेंट का मतलब है किसी विशेष टेक्स्ट या ऑब्जेक्ट को पूरे दस्तावेज या उसके किसी खास हिस्से में ढूढना। यह युविधा आपको टेक्स्ट, फॉन्ट, रंग, के आधार पर खोजने की अनुमति देती है।

**Import (Ctrl+I).** कोरलड्रॉ में इम्पोर्ट का मतलब है किसी दूसरी फाइल को कोरलड्रॉ में खोलना या लाना इसका मतलब है कि आप किसी दूसरी एप्लीकेशन में बनी हुई फाइल को कोरलड्रॉ में खोलकर उस पर काम कर सकते है।




---

**Export (Ctrl+E).** कोरलड्रॉ में एक्सपोर्ट का मतलब है अपनी डिजाइन को किसी दूसरी फाइल फॉर्मेट में बदलना ताकि इसे अन्य सॉफ्टवेयर या प्लेटफार्म पर इस्तेमाल किया जा सके। जैसे JPG, PNG, या PDF





**Export for Office.** कोरलड्रॉ में एक्सपोर्ट फॉर ऑफिस का मतलब है कि आप अपनी कोरलड्रॉ फाइल को ऐसे प्रारूप में बदल रहे है जैसे वर्ड या पावरपॉइंट में आसानी से इस्तेमाल किया जा सके।

**Publish To PDF.** कोरलड्रॉ में पब्लिश टू पीडीएफ का मतलब है कि आपकी कोरलड्रॉ फाइल को एक पीडीएफ दस्तावेज के रूप में सहेजना। पीडीएफ एक ऐसा प्रारूप है जो लगभग सभी उपकरणों और सॉफ्टवेयर में खुल सकता है।




**Print (Ctrl+P).** कोरलड्रॉ में प्रिंट का मतलब है आपके द्वारा डिजाइन किए गए ग्राफिक को पेपर पर छापना इसके लिए आप को प्रिंट विकल्प को चुनना होगा जहां आप प्रिंटर, पेज, का आकार रंग आदि जैसे विभिन्न सेटिंग्स को कॉन्फिगर कर सकते है।


---




**<u>Print Merge.</u>** कोरलड्रॉ में प्रिंट मर्ज एक ऐसा फीचर है जो आपको एक ही डिजाइन को अलग, अलग डेटा के साथ कई बार प्रिंट करने की अनुमति देता है।

**<u>Print Preview.</u>** कोरलड्रॉ में प्रिंट प्रिव्यू का मतलब है कि आप अपने डिजाइन को प्रिंट करने से पहले यह देख सकते है कि यह कागज पर कैसे दिखेगा।

**<u>Document Properties.</u>** कोरलड्रॉ में डॉक्यूमेंट प्रॉपर्टीज आपके डिजाइन किए जा रहे दस्तावेज के विभिन्न पहलुओं को नियंत्रित करने वाली सेटिंग्स को संदर्भित करता है। इसमें पेज का आकार रंग मोड, रिजॉल्यूशन संबंधित विकल्पों को सेट करना शामिल है।



---

**Exit (Alt+F4).** कोरलड्रॉ में एग्जिट का मतलब है प्रोग्राम से बाहर निकलना या बंद करना। जब आप कोरलड्रॉ में काम कर रहे होते है एग्जिट से कोरलड्रॉ के एप्लिकेशन को बंद कर देगा।


## Chapter-4. Edit Menu. (Alt+E).




**Undo (Ctrl+Z).** कोरलड्रॉ में अनडू का मतलब है पिछले एक्शन को पूर्ववत करना या जो आपने अभी, अभी किया है उसे वापस लेना। अगर आपसे कोई गलती हो जाती है जैसे कोई ऑब्जेक्ट गलती से डिलीट हो गया तो आप अनडू करके वापस ला सकते है।

**Redo (Ctrl+Shift+Z).** कोरलड्रॉ में रीडू का मतलब है किसी अनडू की गई क्रिया को वापस लाना यदि आप कोई गलती से कुछ मिटा दिया है जिसे आप वापस चाहते है तो रीडू उस क्रिया को कर देगा।


**Repeat (Ctrl+R).** कोरलड्रॉ में रिपीट एक ऐसा फीचर है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट को एक निश्चित दूरी और दिशा में दोहराने की अनुमति देता है। यह एक ही ऑब्जेक्ट की कई प्रतियां बनाने और उन्हें एक विशिष्ट पैटर्न में व्यवस्थित करने का एक तेज और आसान तरीका है।





**Undo Manager.** कोरलड्रॉ में अनडू मैनेजर एक ऐसा फीचर है जो आपको हाल ही में किए गए कार्यो को वापस करने की अनुमति देता है।

**Cut (Ctrl+X).** कोरलड्रॉ में कट का मतलब है किसी ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट को कट करके उसे क्लिपबोर्ड में रखना ताकि उसे बाद में कहीं और पेस्ट किया जा सके। जिससे आप ऑब्जेक्ट्स को एक जगह से दूसरी जगह पर मूव कर सकते है। या डुप्लीकेट कर सकते है।

**Copy (Ctrl+C).** कोरलड्रॉ में कॉपी का मतलब है किसी ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट या इमेज को डुप्लिकेट करना और और उसे क्लिपबोर्ड में स्टोर करना ताकि उसे बाद में कहीं और पेस्ट किया जा सके।




**Paste (Ctrl+V).** कोरलड्रॉ में पेस्ट का मतलब है कॉपी या कट किए गए ऑब्जेक्ट को एक नई या मौजूदा जगह पर चिपकाना। और उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की अनुमति देती है।





**Paste Special.** कोरलड्रॉ में पेस्ट स्पेशल एक ऐसा विकल्प है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट को कॉपी करके पेस्ट करते समय उसे विभिन्न स्वरूपों में चिपकाने की सुविधा देता है।

---


**Delete.** कोरलड्रॉ में डिलीट का मतलब है किसी चुनी हुई वस्तु या टेक्स्ट को ड्राइंग से हटाना जैसे रेखा, आकार, इमेज।

**Duplicate (Ctrl+D).** कोरलड्रॉ में डुप्लीकेट का मतलब है किसी ऑब्जेक्ट की एक कॉपी बनाना जो ओरिजिनल ऑब्जेक्ट के समान हो यदि आप डुप्लीकेट ऑब्जेक्ट में कोई बदलाव करते है तो वह ओरिजिनल ऑब्जेक्ट को प्रभावित नही करेगा।




**Clone.** कोरलड्रॉ में क्लोन एक ऐसा फिचर है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट की एक कॉपी बनाने की अनुमति देता है लेकिन यह कॉपी मूल ऑब्जेक्ट से जुडी होती है अगर आप मूल ऑब्जेक्ट में बदलाव करते है तो क्लोन भी अपडेट हो जाएगा।

**Copy Properties.** कोरलड्रॉ में कॉपी प्रॉपर्टीज एक ऐसा फिचर है जो आपको एक ऑब्जेक्ट की प्रॉपर्टीज जैसे रंग, आकार, आउटलाइन, आदि को दूसरे ऑब्जेक्ट पर कॉपी करने की अनुमति देता है। इससे आप विभिन्न ऑब्जेक्ट को समान रूप देने के लिए जल्दी और आसानी से काम कर सकते है।




---

**Step and Repeat (Ctrl+Shift+D).** कोरलड्रॉ में स्टेप एंड रिपीट एक ऐसा फीचर है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट को एक निश्चित दूरी और दिशा में कई बार कॉपी करने की अनुमति देता है यह फिचर विशेष रूप से उन डिजाइनों में उपयोगी है जहा एक ही ऑब्जेक्ट को ग्रिड या पैटर्न में दोहराया जाता है।

**Select All. (Ctrl+A).** कोरलड्रॉ में सेलेक्ट ऑल का मतलब है कि आप अपने ड्राइंग पेज पर मौजूद सभी ऑब्जेक्ट्स को एक साथ सेलेक्ट करना चाहते है जैसे कि मूव करना, डिलीट करना, या फॉर्मेटिंग करना, कर सकते है।


**Find Replace (Ctrl+F).** कोरलड्रॉ में खोजें और बदलें फीचर का उपयोग किसी विशिष्ट टेक्स्ट या ऑब्जेक्ट को ढूंढने और उसे बदलने के लिए किया जाता है।




## Chapter-5. View Menu. (Alt+V).





**Simple Wireframe.** कोरलड्रॉ में वायरफ्रेम एक व्यू मोड है जो आपको ड्राइंग को एक सरल, रेखा आधारित दृश्य में देखने की अनुमति देता है। जिससे जटिल आकृतियों को समझना और उन पर काम करना आसान हो जाता है यह दृश्य जिसमें केवल रेखाएं और आउटलाइन दिखाई देती है।





**Wireframe.** कोरलड्रॉ में वायरफ्रेम का मतलब है किसी ऑब्जेक्ट को उसकी आउटलाइन या रूपरेखा के रूप में देखना बिना किसी रंग या भराव के। जिसमें सिर्फ रेखाएँ और आकार दिखाई देते है।

**Draft View.** कोरलड्रॉ में ड्राफ्ट व्यू एक डिस्प्ले मोड है जो आपको अपनी ड्राइंग को एक सरल आउटलाइन आधारित दृश्य में देखने की अनुमति देता है।




---

**Normal.** कोरलड्रॉ में नॉर्मल व्यू एक डिफॉल्ट दृश्य है जो आपको अपने डिजाइन को एक सामान्य दृश्य में देखने की अनुमति देता है। जैसे कि रेखाएँ, आकार, टेक्स्ट और इमेज को स्पष्ट रूप से देखने में मदद करता है।




**Enhanced.** कोरलड्रॉ में एनहांस्ड व्यू का मतलब है एक ऐसा दृश्य जो आपको अपनी डिजाइन को और अधिक विस्तृत और सटीक रूप से देखने की अनुमति देता है।



**Pixels.** कोरलड्रॉ में पिक्सेल डिजिटल इमेज की सबसे छोटी इकाई होती है। यह एक छोटा सा वर्ग या बिंदु होता है जो रंग की जानकारी संग्रहीत करता है।

**Simulate Overprints.** कोरलड्रॉ में सिम्युलेट ओवरप्रिंट एक ऐसा फीचर है जो आपको यह देखने में मदद करता है कि जब दो या दो से अधिक रंग एक दूसरे के ऊपर प्रिंट होते हैं तो वे कैसे दिखेगे।


**Rasterize Complex Effects.** कोरलड्रॉ में Rasterize Complex Effects का मतलब है जटिल प्रभावों जैसे पारदर्शिता, बेवल, ड्रॉप शैडो को रास्टराइज करना यानी उन्हें पिक्सेल आधारित छवियों में बदलना। इससे प्रिंट करने में आसानी होती है।

**Proof Colors.** कोरलड्रॉ में प्रूफ कलर्स का मतलब है कि आप रंगीन दस्तावेज को प्रिंट करने से पहले उसके रंग को जांचने के लिए एक विशेष तरीके से देख सकते है। यह आपको देखने में मदद करता है कि प्रिंट होने पर रंग कैसे दिखेगे।

**Full Screen Preview (F9).** कोरलड्रॉ में फुल स्क्रीन प्रीव्यू का मतलब है कि अपनी डिजाइन को बिना किसी टूलबार या मेनू के पूरे स्क्रीन पर देखना।


**Preview Selected Only.** कोरलड्रॉ में प्रीव्यू सिलेक्टेड ओनली एक ऐसा फिचर है जो आपको केवल चयनित ऑब्जेक्ट्स को ही प्रीव्यू करने की अनुमति देता है बाकी सभी ऑब्जेक्ट्स को छुपाकर।

**Page Sorter View.** कोरलड्रॉ में पेज सॉर्टर व्यू एक ऐसा दृश्य है जो आपको अपने दस्तावेज के सभी पेजो को एक साथ छोटे थंबनेल के रूप में देखने की अनुमति देता है।





**View Manager (Ctrl+F2).** कोरलड्रॉ में व्यू मैनेजर एक ऐसा टूल है जो आपको अपने डिजाइन को अलग, अलग व्यू में देखने की सुविधा देता है। जिससे डिजाइनिंग और एडिटिंग करना आसान हो जाता है।

---




**Page (Page Border).** कोरलड्रॉ में पेज बॉर्डर का मतलब है पेज के किनारों पर एक रेखा या डिजाइन बनाना। यह पेज को एक फ्रेम या सिमा प्रदान करता है जिससे डिजाइन अधिक आकर्षक और व्यवस्थित दिखता है।




**Grid.** कोरलड्रॉ में ग्रिड एक सहायक उपकरण है जो आपको वस्तुओं को सटीक रूप से संरेखित करने और स्थिति में लाने में मदद करता है जिससे आपके डिजाइन में एकरूपता बनी रहती है।

**Rulers.** कोरलड्रॉ में रूलर को दिखाने या छिपाने के लिए व्यू मेनू में जाएं और रूलर्स पर क्लिक करें। यदि रूलर दिखाई दे रहे हैं तो उन पर क्लिक करने से छिप जाएंगे और यदि वे छिपे हुए हैं तो उन पर क्लिक करने से वे दिखाई देंगे।

---

**Guidelines.** कोरलड्रॉ में गाइडलाइन्स का मतलब है रेखाएँ जो आपको अपने डिजाइन को संरेखित करने और सटीक आकार बनाने में मदद करती हैं। ये रेखाएँ वास्तव में प्रिंट नहीं होती है।

**Alignment Guides (Alt+Shift+A).** कोरलड्रॉ में एलाइनमेंट गाइड्स का उपयोग वस्तुओं को एक दूसरे के सापेक्ष या पेज के सापेक्ष संरेखित करने के लिए किया जाता है। ये गाइड्स दृश्यमान रेखाएं है जो आपको वस्तुओं को सटीक रूप से रखने में मदद करता है।


**Dynamic Guides (Alt+Shift+D).** कोरलड्रॉ में डायनेमिक गाइड्स एक उपयोगी सुविधा है जो आपको वस्तुओं को सटीक रूप से संरेखित करने और उनके बीच की दूरी को मापने में मदद करती है।

**Snap To Object (Alt+Z).** कोरलड्रॉ में स्नैप टू ऑब्जेक्ट एक ऐसा फीचर है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट को दूसरे ऑब्जेक्ट के किनारे केंद्रों या अन्य बिंदुओ पर चिपकाने या संरेखित करने की अनुमति देता है।


## Chapter-6. Layout Menu. (Alt+L).





**Insert Page.** कोरलड्रॉ में इंसर्ट पेज का मतलब है एक नई खाली पेज को मौजूदा ड्रॉक्यूमेंट में जोडना। इससे आप एक ही फाइल में कई पेज पर काम कर सकते हैं जैसे कि एक बुक या मैगजीन डिजाइन करना है।




**Duplicate Page.** कोरलड्रॉ में डुप्लीकेट पेज का मतलब है किसी मौजूदा पेज की एक कॉपी बनाना। यह एक ही ड्राइंग में एक और पेज जोडता है जिसमें मूल पेज की सभी सामग्री जैसे ऑब्जेक्ट, टेक्स्ट, और लेआउट शामिल होते है।





**Rename Page.** कोरलड्रॉ में रीनेम पेज का मतलब है किसी ड्राइंग में मौजूद किसी पेज का नाम बदलना। यह पेज को आसानी से पहचानने और व्यवस्थित करने में मदद करता है खासकर तब जब आपके पास कई पेज हो।




---

**Delete Page.** कोरलड्रॉ में पेज डिलीट करना मतलब है कि आप अपनी ड्राइंग फाइल से एक या एक से ज्यादा पेज हटा रहे हैं। इससे आपकी फाइल का आकार कम हो सकता है और काम करना आसान हो सकता है।




**Go To Page.** कोरलड्रॉ में गो टू पेज का मतलब है किसी विशिष्ट पेज नंबर पर जाना। यह एक ऐसा फीचर है जो आपको अपने डॉक्यूमेंट में किसी पेज पर जल्दी से नेविगेट करने की अनुमति देता है खासकर तब जब आपके पास कई पेज हों।



---

**Insert Page Number.** कोरलड्रॉ में पेज नंबर डालना मतलब हर पेज पर अपने आप आने वाला एक नंबर डालना जो पेज की पहचान कराता है। इससे डॉक्यूमेंट को व्यवस्थित करना और नेविगेट करना आसान हो जाता है।


**Page Number Settings.** कोरलड्रॉ में पेज नंबर सेटिंग का मतलब है डॉक्यूमेंट में मौजूद अलग, अलग पेजों पर पेज नंबर डालने और उन्हें व्यवस्थित करने की सुविधा।

**Switch Page Orientation.** कोरलड्रॉ में पेज ओरिएंटेशन स्विच करना का मतलब है पेज को पोर्ट्रेट से लैंडस्केप से पोर्ट्रेट में बदलना।

**Page Setup.** कोरलड्रॉ में पेज सेटअप का मतलब है अपने डिजाइन या दस्तावेज के पेज के आकार जैसे A4 लेटर ओरिएंटेशन पोर्ट्रेट या लैंडस्केप यूनिट इंच, मिलीमीटर रिजॉल्यूशन रंग मोड CMYK या RGB और निर्धारित करता है ताकि आपका अंतिम प्रिंट आउटपुट सही दिखे।

**Page Background Solid.** कोरलड्रॉ में पेज बैकग्राउंड का अर्थ है कि आप अपने दस्तावेज के पूरे पेज के लिए एक ही बिना किसी इमेज या पैटर्न के ठोस रंग जैसे लाल, नीला आदि बैकग्राउंड के रूप में चुनते है

**Page Background Bitmap.** कोरलड्रॉ में बैकग्राउंड बिटमैप एक छवि है जो पेज के रूप में उपयोगी की जाती है जो एक फोटोग्राफ बनावट या कस्टम ग्राफिक हो सकता है।




**Page Layouts.** कोरलड्रॉ में पेज लेआउट पेज के पूरे ढांचे और उसमें मौजूद विभिन्न तत्वो जैसे टेक्स्ट, चित्र, और आकृतियों की व्यवस्था का वर्णन करता है।

**Chapter-7. Object. Menu (Alt+J).** कोरलड्रॉ में इन्सर्ट बारकोड का मतलब किसी भी उत्पाद या टेक्स्ट को मशीन पठनीय प्रारूप मे बदलना है जिसे बारकोड कहा जाता है। यह समानांतर रेखाओं और अंतरो का उपयोग करके जानकारी को दर्शाता है जिसे बारकोड स्कैनर से पढा जा सकता है।





**Insert New Objects.** कोरलड्रॉ में इन्सर्ट न्यू ऑब्जेक्ट का मतलब है कि आप एक नया ऑब्जेक्ट जैसे कि टेक्स्ट, आकार या कोई और डिजाइन एलिमेंट अपने मौजूदा डॉक्यूमेंट में डाल सकते है।


---

**Link.** कोरलड्रॉ में लिंक का अर्थ एक ऐसा फीचर है जो आप को किसी भी टेक्स्ट या ऑब्जेक्ट को किसी वेब एड्रेस, ईमेल, बुकमार्क या अन्य फाइल को जोडने की सुविधा देता है। आप लिंक पर क्लिक करके निर्दिष्ट गंतव्य पर पहुँच सकते है।


**Symbol (New Symbol).** कोरलड्रॉ में न्यू सिंबल का मतलब है किसी ऑब्जेक्ट या टेक्स्ट को एक ऐसी केंद्रीय मास्टर ऑब्जेक्ट में बदलना जिसे बाद में कई जगहों पर कॉपी और उपयोग किया जा सके। इसका मुख्य लाभ यह है कि अगर आप मास्टर सिंबल में कोई बदलाव करते है तो उसके सभी कॉपी में किए गए इंस्टेंस अपने आप अपडेट हो जाते है।





**Power Clip (Place Inside Frame).** कोरलड्रॉ में पावरक्लिप एक एक ऐसा टूल है जो आपको एक ऑब्जेक्ट जैसे कोई फोटो को दूसरे ऑब्जेक्ट जैसे किसी टेक्सट या आकार के अंदर रखने और क्लिप करने की सुविधा देता है।




---





**Edit PowerClip.** कोरलड्रॉ में एडिट पावरक्लिप एक ऐसा फीचर है जो आपको किसी भी आकार या ऑब्जेक्ट के अंदर किसी अन्य ऑब्जेक्ट जैसे इमेज या दूसरा वेक्टर ऑब्जेक्ट को रखने की सुविधा देता है।





**Finish Editing This Level.** कोरलड्रॉ में हम इसके द्वारा पावरक्लिप से बाहर आते है।




**Transformation (Position Alt+F7).** कोरलड्रॉ में ट्रांसफॉर्मेशन का मतलब किसी ऑब्जेक्ट जैसे आकार, टेक्स्ट, या चित्र को बदलना जैसे कि उसे घुमाना स्केल करना मिरर करना या उसकी स्थिति बदलना ये परिवर्तन सटीक और नियंत्रित तरीके से करने के लिए कोरलड्रॉ में अलग, अलग टूल और डॉकर होते है





**Rotation.** कोरलड्रॉ में ऑब्जेक्ट को उसके केंद्र बिंदु या किसी विशिष्ट बिंदु के चारो ओर घुमाना।




**Scale And Mirror.** कोरलड्रॉ में ऑब्जेक्ट का आकार छोटा या बडा करना जैसे कि दर्पण प्रतिबिंब बनाना।

**Skew.** कोरलड्रॉ में ऑब्जेक्ट को एक दिशा में झुकाना।




**Clear Transformation.** कोरलड्रॉ में क्लियर ट्रांसफॉर्मेशन का मतलब है किसी ऑब्जेक्ट पर लागू किए गए स्केलिंग, रोटेशन, स्कयू जैसे सभी परिवर्तन को हटाकर ऑब्जेक्ट को उसकी मूल स्थिति में वापस लाना है।


**Align and Distribute.** कोरलड्रॉ में यह एक ऐसा टूल है जो आपको वस्तुओ को एक दूसरे के सापेक्ष या पेज के सापेक्ष सही जगह पर रखने लाइन करने और उसके बिच की दूरी समान रूप से व्यवस्थित करने मे मदद करता है।

**Align Left (L).** कोरलड्रॉ में वस्तुओ को बाए किनारे पर संरेखित करना।

**Align Right (R).** कोरलड्रॉ में वस्तुओ को दाए किनारे पर संरेखित करना।

**Align Top (T).** कोरलड्रॉ में वस्तुओ को ऊपरी किनारे पर संरेखित करना।

**Align Bottom (B).** कोरलड्रॉ में वस्तुओ को निचले किनारे पर संरेखित करना।




---

**Centers To Page (P).** कोरलड्रॉ में यह एक ऐसा विकल्प है जो चयनित ऑब्जेक्ट को पेज के बिल्कुल केंद्र में स्थापित करता है।

**Order.** कोरलड्रॉ में यह एक महत्वपूर्ण मेनू विकल्प है जो आपको ऑब्जेक्ट्स को एक दूसरे के ऊपर या नीचे व्यवस्थित करने की सुविधा देता है।

**To Front of Page (Ctrl+Home).** कोरलड्रॉ में चयनित ऑब्जेक्ट के सबसे आगे ले आता है।




**To Back of Page (Ctrl+End).** कोरलड्रॉ में चयनित ऑब्जेक्ट के सबसे पीछे ले जाता है।

**Forward One (Ctrl+PgUp).** कोरलड्रॉ में चयनित ऑब्जेक्ट को एक बार में सिर्फ एक ऑब्जेक्ट के ऊपर ले आता है।


**Behind One.** कोरलड्रॉ में चयनित ऑब्जेक्ट को एक बार में सिर्फ एक ऑब्जेक्ट नीचे ले जाता है।

**Combine (Ctrl+L).** कोरलड्रॉ में कंबाइन टूल दो या दो से ज्यादा ऑब्जेक्ट्स को मिलाकर एक सिंगल वक्र ऑब्जेक्ट बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जब आप ऑब्जेक्ट को कंबाइन करते है तो वे एक एकल ऑब्जेक्ट के रूप में कार्य करते है।

**Break Apart (Ctrl+K).** कोरलड्रॉ में ब्रेक पार्ट कमांड एक समूह में मौजूद ऑब्जेक्ट को अलग, अलग करने के लिए इस्तेमाल की जाती है

**Group Objects (Ctrl+G).** कोरलड्रॉ में ग्रुप ऑब्जेक्ट्स का मतलब है एक या एक से ज्यादा ऑब्जेक्ट्स को एक समूह में जोडना ताकि वे एक साथ एक इकाई की तरह काम करे जब ऑब्जेक्ट्स को ग्रुप किया जाता है तो उन्हें एक साथ हिलाया, घुमाया, बदला या हटाया जा सकता है। जिससे एडिटिंग आसान हो जाती है।


---




**Ungroup Objects (Ctrl+U).** कोरलड्रॉ में अनग्रुप का ऑब्जेक्ट्स का मतलब होता है एक ग्रुप में मौजूद कई ऑब्जेक्ट्स को अलग अलग करना ताकि उन्हें व्यक्तिगत रूप से चुना संपादित या स्थानांतरित किया जा सके जब आप किसी ग्रुप को अनग्रुप करते है तो पहले से एक साथ बंधे हुए ऑब्जेक्ट्स अलग अलग हो जाते है।

**Ungroup All Objects.** कोरलड्रॉ में सभी ऑब्जेक्ट्स को अनग्रुप करे एक कमांड है जो कई ऑब्जेक्ट्स को एक साथ एक समूह के रूप में जोडने के बाद उन्हे वापस अलग अलग व्यक्तिगत ऑब्जेक्ट्स में विभाजित कर देता है। यह कमांड एक साथ सभी ग्रुप किए ऑब्जेक्ट्स को तोड देता है।

**Lock Object.** कोरलड्रॉ में लॉक ऑब्जेक्ट्स मतलब है किसी ऑब्जेक्ट्स को लॉक करना ताकि उसे गलती से हिलाया या बदला न जा सके जब आप किसी ऑब्जेक्ट को लॉक करते है तो आप उसे चुन नही पाते है न ही उसके आकार, रंग या स्थिति में कोई बदलाव कर सकते है जिससे आप किसी दूसरे ऑब्जेक्ट पर काम करते समय उसे गलती से न छुएँ।





**Unlock Object.** कोरलड्रॉ में किसी ऑब्जेक्ट को अनलॉक करने का मतलब है कि उस ऑब्जेक्ट पर किए गए लॉक को हटाना ताकि आप उसे फिर से चुन सके मूव कर सके उसमें बदलाव कर सके।


-----------------------------------------------------------------------------------------------

**Unlock All Object.** कोरलड्रॉ में अनलॉक आल ऑब्जेक्ट का मतलब है कि आपने जो भी ऑब्जेक्ट्स पहले लॉक किए थे वे सभी एक साथ अनलॉक हो जाएंगे जिससे आप उन्हें दोबारा चुन संपादित या स्थानांतरित कर सकेगे इसे करने के लिए आपको ऑब्जेक्ट्स को लॉक करना होगा।

**Shaping Weld Object.** कोरलड्रॉ में वेल्ड ऑब्जेक्ट का अर्थ है दो या दो से अधिक ऑब्जेक्ट्स को मिलाकर एक नया ऑब्जेक्ट बनाना जो उन्हे संयोजित करता है। यह प्रक्रिया ओवरलैपिंग एक दूसरे पर रखे या गैर ओवरलैपिंग एक दूसरे से सटे हुए ऑब्जेक्ट्स पर काम करती है।


**Trim Object.** कोरलड्रॉ में ट्रिम ऑब्जेक्ट टूल का उपयोग एक ऑब्जेक्ट के हिस्सो को दूसरे ऑब्जेक्ट से काटने या हटाने के लिए किया जाता है। यह ओवरलैप होने वाले क्षेत्रों को काटता है।



---

**<u>Intersect Object.</u>** कोरलड्रॉ में इंटरसेक्ट ऑब्जेक्ट टूल का उपयोग करके आप उन क्षेत्रों से एक नया ऑब्जेक्ट बना सकते है जहॉ दो या दो से अधिक ऑब्जेक्ट ओवरलैप एक दुसरे के ऊपर होते है।




**<u>Simplify.</u>** कोरलड्रॉ में सिंपलीफाई एक शेपिंग टूल है जो दो या दो से अधिक ऑब्जेक्ट्स के बीच ओवरलैपिंग क्षेत्रों को हटाकर एक नया सिंगल ऑब्जेक्ट बनाता है।

**<u>Front Minus Back.</u>** कोरलड्रॉ में फ्रंट माइनस बैक एक शेपिंग टूल है जो पीछे वाली आकृति को सामने वाली आकृति से घटा देता है।


**<u>Front Minus Front.</u>** कोरलड्रॉ में फ्रंट माइनस फ्रंट टूल दो या दो से ज्यादा आकृतियों में से आगे वाली आकृति के उस हिस्से को मिटा देता है।

**<u>Convert To Curves (Ctrl+Q).</u>** कोरलड्रॉ में कन्वर्ट टू कर्वेज एक ऐसा फीचर है जो टेक्स्ट या ज्यामितीय आकृतियों को वेक्टर ऑब्जेक्ट में बदल देता है। यह सुविधा टेक्स्ट के फॉन्ट को बदल देती है और ऑब्जेक्ट्स के आकार और रूप को पूरी तरह से बदल सकती है जिससे आप उन्हें अपनी पसंद के अनुसार आकार दे सकते है।

**<u>Convert Outline To Objects (Ctrl+Shift+Q).</u>** कोरलड्रॉ में कन्वर्ट आउटलाइन किसी ऑब्जेक्ट की बाहरी रेखा को एक अलग ऑब्जेक्ट में बदलना जिससे आप उसे आप उसे अलग से एडिट कर सकें।

**<u>Join Curve.</u>** कोरलड्रॉ में ज्वाइन कर्व्स वक्रों को जोडना यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमे दो या दो से अधिक अलग अलग वक्रो या रेखा खंडो को जोडकर एक अधिक जटिल या एक बंद आकार बनाया जाता है। यह टूल वक्रो के अंतिम बिंदुओ को एक साथ जोडता है।

**<u>Object Properties (Alt+Enter).</u>** कोरलड्रॉ में ऑब्जेक्ट प्रॉपर्टीज उन विशेषताओं का एक समूह है जो आपके बनाए गए किसी ऑब्जेक्ट जैसे रेखा, आकृति या टेक्स्ट के स्वरूप को परिभाषित करती है इसमे रंग,आकार, मोटाई, लाइन स्टाइल शामिल होते है।





## Chapter-8. Effects Menu. (Alt+C).




**Contrast Enhancement.** कोरलड्रॉ में कंट्रास्ट एनहांसमेंट का मतलब किसी इमेज या ग्राफिक्स में रंगों के बीच के अंतर को बढाना है इससे इमेज ज्यादा स्पष्ट विस्तृत दिखती है।


**Local Equalization.** कोरलड्रॉ में यह इमेज के लोकल एरिया या हिस्से की चमक और कंट्रास्ट को एडजस्ट करने की प्रकिया को दर्शाता है।

**Tone Curve.** कोरलड्रॉ में टोन कर्व एक ग्राफ होता है जो किसी इमेज के ब्राइटनेस और कंट्रास्ट को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आप इस ग्राफ को ऊपर नीचे खींचकर इमेज को डार्क और लाइट कर सकते है।



---

**Brightness And Contrast Intensity (Ctrl+B).** कोरलड्रॉ में ब्राइटनेस इमेज की समग्र रोशनी को बढाता या घटाता है जिससे इमेज हल्का गहरा हो जाता है। कंट्रास्ट रंग के सबसे चमकीले और सबसे गहरे हिस्सों के बीच के अंतर को नियंत्रित करता है।




**Color Balance (Ctrl+Shift+B).** कोरलड्रॉ में कलर बैलेंस का उपयोग किसी इमेज या ग्राफिक्स के रंगों के संतुलन को समायोजित करने के लिए किया जाता है। इसके द्वारा आप लाल, हरा, नीला और सियान, मैजेंटा, पीला, काला के संतुलन को बदल सकते है।

**Gama.** कोरलड्रॉ में गामा एक ऐसा विकल्प है जिसका उपयोग किसी इमेज में टोनल वैल्यू या कंट्रास्ट को समायोजित करने के लिए किया जाता है। जिससे इमेज की ब्राइटनेस और डार्कनेस के बीच का संतुलन बदला जा सकता है।


**Hue Saturation Lightness (Ctrl+Shit+U).** कोरलड्रॉ में यह एक ऐसा विकल्प है जो किसी रंग को उसके रंग तीव्रता और चमक के अनुसार परिभाषित करते है।

**Selective Color.** कोरलड्रॉ में यह एक ऐसा विकल्प है जो आपको किसी इमेज के कुछ रंगों को बरकरार रखते हुए बाकी सब कुछ को मोनोक्रोम बनाने की सुविधा देता है।

**Replace Color.** कोरलड्रॉ में रिप्लेस कलर का मतलब है किसी इमेज या डिजाइन में किसी मौजूदा रंग को चुनकर उसे दूसरे रंग से बदलना चाहे वह सिर्फ एक हिस्सा हो या पूरी इमेज यह सुविधा डिजाइन में रंगो को बदलने के लिए एक शक्तिशाली टूल है।

**Desaturation Color.** कोरलड्रॉ में डिसेचुरेशन का मतलब है किसी रंग की तीव्रता या चमक को कम करना जिससे रंग अधिक फीका हो जाता है। जब आप किसी रंग का डिसेचुरेशन बढाने है तो वह रंग में से काला, सफेद की मात्रा जोडता है।

---





**Channel Mixer.** कोरलड्रॉ में चैनल मिक्सर खासकर जब आप बिटमैप या इमेज पर काम कर रहे हो यह आपको रंग चैनल जैसे लाल, हरा, निला को मिलाने हेरफेर करने की अनुमति देता है।

**Transform Delnterlace.** कोरलड्रॉ में डीइंटरलेस एक ऐसा टूल है जो स्कैन की गई या इंटरलेस किए गए इमेज में दिखने वाली लाइनिंग को हटाने या कम करने के लिए किया जाता है।

**Invert Colors.** कोरलड्रॉ में इर्न्वट कलर का मतलब किसी इमेज या ऑब्जेक्ट के रंगों को उलटना है जिससे वह नेगेटिव जैसा प्रभाव देता है। यानी काले रंग सफेद हो जाते है और सफेद रंग काले।


**Posterize Colors.** कोरलड्रॉ में पोस्टर रंग का मतलब किसी इमेज के रंगो की संख्या को कम करना है जिससे वह अधिक पोस्टर जैसी या रंगीन ब्लॉक जैसी दिखे।

**Bevel.** कोरलड्रॉ में बेवल इफेक्ट एक ऐसा टूल है जो किसी वस्तु टेक्स्ट या आकार को 3D रूप देता है जिससे वह उभरी हुई दिखाई देती है। यह वस्तु के किनारों पर एक गहराई और प्रकाश का प्रभाव जोडता है।




---

**Lens (Alt+F3).** कोरलड्रॉ में लेंस एक प्रभाव है जो किसी वस्तु के एक हिस्से को बढाने या जूम करने के लिए उपयोग किया जाता है। जैसे किसी कैमरे का लेंस किसी क्षेत्र को बडा करता है।




**Add Prospective.** कोरलड्रॉ में ऐड पर्सपेक्टिव टूल एक ऐसा फीचर है जो आपको किसी ऑब्जेक्ट पर प्रभाव जोडने की सुविधा देता है। जैसे कि वह किसी तिरछे तल पर रखा हो।




## Chapter-9. Bitmaps Menu. (Alt+B).




**Convert To Bitmap.** कोरलड्रॉ में कन्वर्ट टू बीटमैप का मतलब है कि आप अपनी बनाई गई वेक्टर ग्राफिक्स जो गणितीय समीकरणों से बनी होती है ऐसा करने से आप उस ग्राफिक पर बिटमैप विशिष्ट प्रभाव लागू कर सकते है।

**Auto Adjust.** कोरलड्रॉ में ऑटो एडजस्ट का अर्थ आम तौर पर पेज या ऑब्जेक्ट्स को स्वचालित रूप से समायोजित करना होता है। जैसे पेज का आकार बदलना या किसी ऑब्जेक्ट को स्क्रीन पर फिट करना।

**Image Adjustment Lab.** कोरलड्रॉ में इमेज एडजस्टमेंट लैब एक ऐसा टूल है जो जो इमेज को जल्दी और पेशेवर तरीके से सुधारने में मदद करता है खासकर जब रंग संतुलन और कंट्रास्ट ठीक करना हो।

**Straighten Image.** कोरलड्रॉ में स्ट्रेटन इमेज का मतलब है किसी टेढी, मेढी या झुकी हुई तस्वीर को सीधा करना ताकि वह सही स्थिति में दिखे जब आप कोई इमेज लेते है और वह तिरछी आ जाती है।

---

**Edit Bitmap.** कोरलड्रॉ में एडिट बिटमैप इमेज को संपादित करने के लिए उपयोग किया जाता है जो कोरेल फोटो पेंट में बदलाव करने में मदद करता है।

**Crop Bitmap.** कोरलड्रॉ में बिटमैप क्रॉपिंग एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा आप एक इम्पोर्ट की गई इमेज के उन अवांछित हिस्सो को हटा सकते है। जिनकी आपको आवश्यकता नही है जिससे इमेज का मुख्य भाग ही बचता है।

**Resample.** कोरलड्रॉ में रेशम्पल का मतलब है किसी इमेज को अलग, अलग आकार में बदलने की प्रक्रिया है जिससे उसकी पिक्सेल की संख्या कम या ज्यादा हो जाती है। और इमेज के आकार को बदल सकते है।


**Mode.** कोरलड्रॉ में मोड आपको अपनी बिटमैप इमेज के रंग प्रारूप कलर फॉर्मेट को सेट करने की अनुमति देता है। यह आपकी इमेज को अलग, अलग कलर मोड में बदल सकता है।

**Inflate Bitmap.** कोरलड्रॉ में यह एक ऐसा फंक्शन है जो किसी बिटमैप पर एक विशेष प्रभाव लागू करता है जिससे वह एक खास तरीके से फैलता है।


**Quick Trace.** कोरलड्रॉ में क्विक ट्रेस एक फंक्शन है जो एक साधारण बिटमैप इमेज जैसे लोगो को वेक्टर फॉर्मेट में तुरंत बदल देता है जिससे यह किसी भी साइज पर इस्तेमाल करने योग्य हो जाती है। उसमे बदलाव भी किए जा सकते है।

**Outline Trace.** कोरलड्रॉ में आउटलाइन ट्रेस एक फीचर है जो बिटमैप इमेज को वेक्टर रेखा आधारित इमेज में बदलने का काम करता है खासकर उन इमेजेस के लिए जिनमे आउटलाइन हो।


**3D Effects.** कोरलड्रॉ में 3D इफेक्ट्स का मतलब किसी बिटमैप इमेज पर 3D प्रभाव लागू करना है जैसे कि एक्सट्रूड किसी वस्तु को गहराई देता है या पेज कर्ल पेज को मोडने जैसा प्रभाव देता है। लेकिन पहले ऑब्जेक्ट को बिटमैप में कन्वर्ट करना जरूरी होता है।




**Art Strokes – Cubist.** कोरलड्रॉ में आर्ट स्ट्रोक्स का सीधा मतलब एक ऐसा बिटमैप रास्टर इमेज है जिसे कलात्मक स्ट्रोक या ब्रशस्ट्रोक के रूप में बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। जिससे यह अधिक वास्तविक या हाथ से बने रूप की तरह दिखे।





**Blur – Gaussian Blur.** कोरलड्रॉ में ब्लर का मतलब किसीबिटमैप इमेज को धुंधला करना या उसकी शार्पनेस को कम करना है बिटमैप छवियॉ पिक्सेल से बनी होती है ब्लर इफेक्ट इन पिक्सेल के किनारो को नरम करके स्मूथ या धुधला कर देता है।





**Camera.** कोरलड्रॉ में कैमरा ऑप्शन्स आपको अपनी बिटमैप छवियों पर रंग और अन्य प्रभाव लागू करने की सुविधा देते है जैसे कि आप कैमरा से खींची गई फोटो पर प्रभाव लागू करते है।

---


**<u>Color Transform – Halftone.</u>** इसके द्वारा कोरलड्रॉ में पिक्सेल को विभिन्न तरीको से बदल सकते है जैसे कि रंग बदलना कंट्रास्ट एडजस्ट करना या रंगो के बीच संतुलन बनाना।





**<u>Creative – Vignette.</u>** कोरलड्रॉ में क्रिएटिव का अर्थ बिटमैप इमेज से जुडा है जो कि छोटे, छोटे पिक्सेल से बनी होती है। और जिन्हे जूम करने पर वे पिक्सेल दिखते है ये इमेज किसी भी तरह का पैटर्न, टेक्सचर, फिल करके बिटमैप्स बना सकते है।




**<u>Custom - Alchemy.</u>** कोरलड्रॉ में कस्टम बिटमैप का अर्थ है एक ऐसा बिटमैप जिसमें आप अपनी पसंद के अनुसार बदलाव कर सकते है जैसे कि रंग, आकार, रिजॉल्यूशन बदलना या उसे ट्रेस करना जिससे वह आपकी विशिष्ट आवश्यकताओ के अनुसार बन जाता है।




**Distort – Swirl.** यह एक ऐसी प्रकिया है जिससे एक बिटमैप इमेज को उसके मूल आकार, अनुपात और रूप में बदलाव करके विकृत या तिरछा किया जाता है जिससे इमेज खिचती है जिससे इमेज का रूप बदल जाता है।




**Noise – Add Noise.** यह एक ऐसी प्रकिया है जो नॉइज दानेदारपन के साथ जोडना नही है बल्कि यह एक बिटमैप इमेज होती है जो नॉइज के प्रभाव या विशेषताओं को प्रदर्शित करती है। जैसे कि पुरानी तस्वीर या पेंटिंग जैसा प्रभाव देना है।

---




**Sharpen.** कोरलड्रॉ में शार्पन बिटमैप का मतलब है कि किसी बिटमैप इमेज की डिटेल्स और स्पष्टता को बढाना यह इमेज के अनचाहे ब्लर को कम करके उसे अधिक तीक्ष्ण बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जिससे बारीकियॉं बेहतर दिखाई देती है।

**Texture - Cobblestone.** कोरलड्रॉ में टेक्सचर बिटमैप का अर्थ है एक बिटमैप इमेज जिसे किसी सतह जैसे पृष्टभूमि या वस्तु पर टेक्सचर देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है बिटमैप पिक्सेल नामक छोटे वर्गो से बनी होती है और टेक्सचर बिटमैप का उपयोग करके आप किसी भी इमेज या ग्राफिक में एक वास्तविक और विस्तृत और बनावट प्रभाव जोड सकते है।

## Chapter-10. Text Menu. (Alt+X).




**Text Properties (Ctrl+T).** कोरलड्रॉ में टेक्स्ट प्रॉपर्टीज उन सभी सेटिंग्स और विकल्पों को कहते है जो टेक्स्ट टूल को सक्रिय करने पर प्रॉपर्टी बार में दिखाई देते है यह टेक्स्ट के फॉन्ट, आकार, रंग, संरेखण और फॉर्मेटिंग को नियंत्रित करते है ताकि आप अपने डिजाइन में टेक्स्ट को अपनी इच्छानुसार बदल सकें।

**Tabs.** कोरलड्रॉ में यह संभवत: टेक्स्ट के लिए टैब स्टॉप को संदर्भित करता है जिसका उपयोग करके आप पैराग्राफ में इंडेटेशन सेट कर सकते है।

**Columns.** कोरलड्रॉ में कॉलम टेक्स्ट को कई वर्टिकल सेक्शन में बांटने की सुविधा है जिससे आप न्यूजलेटर, पत्रिकाएँ, या ब्रोशर जैसे डिजाइन में बडे टेक्स्ट ब्लॉक को व्यवस्थित कर सकते है। आप अलग, अलग कॉलम में सेट कर सकते है।

**Bullets.** कोरलड्रॉ में बुलेट्स टेक्स्ट को फॉर्मेट करने का एक तरीका है जो किसी सूची के प्रत्येक आइटम से पहले एक छोटा चिन्ह जैसे एक बिंदु या स्टार जोडता है जिससे वह सूची बुलेटेड सूचियो की तरह दिखाई देती है।

**Drop Cap.** कोरलड्रॉ में ड्रॉप कैप एक सजावटी टाइपोग्राफिक फीचर है जहॉं आप किसी पैराग्राफ के शुरूआती अक्षर को बडा करके उसे नीचे की कई लाइनो में फैला देते है। यह टेक्स्ट को आकर्षक बनाता है।


**Font Playground.** कोरलड्रॉ में आप इसका उपयोग करके विभिन्न फॉन्ट को उनके रियल टाइम प्रीव्यू के साथ देख सकते है फॉन्ट को फिल्टर कर सकते है और अपने प्रोजेक्ट में आसानी से फॉन्ट को अप्लाई कर सकते है।

**Edit Text (Ctrl+Shift+T).** कोरलड्रॉ में एडिट टेक्स्ट का मतलब है किसी मौजूदा टेक्स्ट में बदलाव करना या उसे संपादित करना जिससे आप टेक्स्ट का फॉन्ट बदल सकते है उसकी साइज बदल सकते है उसमें शब्द जोड या हटा सकते है।

**Insert Character (Ctrl+F11).** कोरलड्रॉ में विशेष फॉन्ट में अक्षर को अपने डिजाइन में डाल सकते है इसके लिए आप इन्सर्ट कैरेक्टर डॉकर का उपयोग करते है जहॉं आप अपने फॉन्ट का चयन करके उपलब्ध वर्णो में से चुनकर उन्हें अपने पेज पर जोड सकते है।

**Paragraph Text Frame.** कोरलड्रॉ में पैराग्राफ टेक्स्ट फ्रेम एक ऐसा आयताकार कंटेनर होता है जो ब्रोशर, न्यूजलेटर या कैटलॉग जैसे बडे टेक्स्ट के ब्लॉक को रखने और व्यवस्थित करने के लिए उपयोग किया जाता है।

**Fit Text In To Path.** कोरलड्रॉ में यह एक ऐसा फीचर है जो आपके द्वारा लिखे गए टेक्स्ट को किसी भी रेखा या ऑब्जेक्ट के आकार के अनुरूप ढालने की सुविधा देता है जिससे वह रेखा की सीमा के अनुसार व्यवस्थित हो जाता है।




**Straighten Text.** कोरलड्रॉ में यह तब उपयोगी होता है जब आपने टेक्स्ट को किसी वक्र पर या किसी ऑब्जेक्ट के आकार में फिट करने के लिए तिरछा किया हो और अब उसे वापस एक सीधी रेखा में लाना चाहते है।

**Use Hyphenation.** कोरलड्रॉ में जब कोई पूरा शब्द किसी लाइन के अंत में फिट नही होता है तो यह सुविधा शब्द को हाइफन एक छोटा डैश लगाकर दो हिस्सो में बांट देती है।

**Change Case.** कोरलड्रॉ में टेक्स्ट के अक्षरों को अलग, अलग तरीकों से बदलना है जैसे कि वाक्य केस, लोअरकेस, अपरकेस, शीर्षक केस, टॉगल केस आप अपने डॉक्यूमेंट में किसी लेबल या हेडर को अपरकेस में बदलकर उसे खास पहचान दे सकते है।

---

## Chapter-11. Table Menu (Alt+T).




**Create New Table.** कोरलड्रॉ में यह एक नया टेबल बनाना जिसमें आप पंक्तियों और स्तंभों की संख्या निर्धारित कर सकते है। यह टूल आपको डॉक्युमेंट में एक ग्रिड स्ट्रक्चर बनाने की सुविधा देता है जिसका उपयोग डेटा व्यवस्थित करने या लेआउट बनाने में किया जा सकता है।

**Convert Text To Table.** कोरलड्रॉ में टेक्स्ट को टेबल में बदलना आप पहले से लिखे हुए टेक्स्ट को एक व्यवस्थित टेबल के रूप में बदल सकते है।

**Convert Table To Text.** कोरलड्रॉ में आप किसी बनाई गई तालिका के टेक्स्ट को अलग, अलग टेक्स्ट में बदल सकते है यह सुविधा तालिका के कॉलम की सीमाओं के आधार पर विभाजन डेटा को टेक्स्ट में बदलने के लिए एक विभाजक जैसे कॉमा या टैब का उपयोग करता है।

**Insert Row.** कोरलड्रॉ में किसी टेबल में पंक्तियों को जोडने के लिए उपयोग किया जाता है।

**Insert Column.** कोरलड्रॉ में किसी टेबल में कॉलम को जोडने के लिए उपयोग किया जाता है।

**Select.** कोरलड्रॉ में टेबल के किसी हिस्से जैसे रो, कॉलम या पूरी टेबल को चुनने के लिए टेबल टूल का उपयोग करना।

**Delete Row.** कोरलड्रॉ में किसी तालिका की पूरी पंक्ति को हटाना होता है।

**Delete Column.** कोरलड्रॉ में किसी तालिका की पूरी कॉलम को हटाना होता है।

**Distribute Row & Column.** कोरलड्रॉ में किसी टेबल में चुनी गई पंक्तियो या स्तंभो को एक समान ऊचाई या चौडाई में व्यवस्थ्ति करते है।

**Merge Cells (Ctrl+M).** कोरलड्रॉ में दो या दो से अधिक तालिका कोशिकाओं टेबल सेल्स को एक एकल कोशिका में संयोजित करना जिससे एक बडी एकीकृत कोशिका बनती है।


**Split Row & Column.** कोरलड्रॉ में किसी मौजूदा टेबल या सेल को कई छोटी पंक्तियो या स्तंभो में बॉटना ताकि आप टेबल के भीतर अधिक विशिष्ट लेआउट और सामाग्री रख सकें।

**Unmerge Cells.** कोरलड्रॉ में यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो किसी टेबल या ग्रिड में पहले से मर्ज किए गए सेल्स को उनके मूल व्यक्तिगत सेल्स में अलग करती है।

## Chaptr-12. Tools Menu (Alt+O).




**Options (Ctrl+J).** कोरलड्रॉ में यह किसी टूल फंक्शन या प्रोग्राम से जुडी सेटिंग्स से है जो आपको डिजाइन के विभिन्न पहलुओ को नियंत्रित करने की अनुमति देते है।




**Customization.** कोरलड्रॉ में अपनी जरूरत के हिसाब से सॉफ्टवेयर के इंटरफेस जैसे टूलबार, मेनू और वर्कस्पेस को बदलना या सेट करना ताकि काम करना आसान और ज्यादा तेज हो सके।

## Chapter-13. Window Menu. (Alt+W).




**New Window.** कोरलड्रॉ में नई विंडो का मतलब उस नई खाली या पहले से बनी फाइल को खोलना होता है जिसमें आप अपना काम शुरू या जारी रख सकते है।

**Close Window (Ctrl+F4).** कोरलड्रॉ में वर्तमान में खुले हुए ग्राफिक डॉक्यूमेंट को बंद करना उसे बन्द करने के बाद सेव करना है या नही यह पूछना।

**Close All.** कोरलड्रॉ में एक साथ खोले गए सभी दस्तावेजो को बंद कर सकते है।

**Cascade.** कोरलड्रॉ में कैस्केड एक विंडोज का ऐसा विकल्प है जो खुले हुए दस्तावेजो या विंडोज को एक दूसरे के नीचे थोडा तिरछा व्यवस्थित करता है जिससे आप हर खुली हुई विंडो को थोडा, थोडा देख सकते है।

**Tile Horizontally.** कोरलड्रॉ में आपकी खुली हुई सभी विंडो जैसे दस्तावेज पैनल स्क्रीन पर क्षैतिज रूप से एक दुसरे के ऊपर या नीचे करके प्रदर्शित की जाएँ ताकि आप सभी को एक साथ देख सकें और उनके बीच स्विच कर सकें।

**Tile Vertically.** कोरलड्रॉ में विंडो को व्यवस्थित करने के लिए उपयोग होता है।


**Workspace.** कोरलड्रॉ में वर्कस्पेस एक अनूकूलन योग्य लेआउट होता है जो विभिन्न टूल्स, पैनल, डॉकर, और मेनू बार को एक साथ लाता है जिससे आप जरूरत के हिसाब से ग्राफिक्स डिजाइन कर सकते है।

**Dock Window.** कोरलड्रॉ में डॉक विंडो या पैनल होता है जो किसी काम के दौरान आपकी स्क्रीन पर खुला रहता है और आपको टूलबार या पैलेट से जुडे विकल्प प्रदान करता है।

**Toolbar.** टूलबार कोरल ड्रा पर मेन्यू में स्थित कमाण्ड्स के लिए शार्टकट का कार्य करते है। टूलबार पर स्थित विभिन्न टूल बटन्स के नाम दर्शाए गए है।

---

**<u>Color Palettes.</u>** कोरलड्रॉ में एक कलर पैलेट रंगों का एक समूह होता है जिसका उपयोग आप टेक्स्ट और ऑब्जेक्ट्स पर रंग लगाने के लिए करते है जैसे फिल और आउटलाइन रंग।




**<u>Welcome Screen.</u>** कोरलड्रॉ में वेलकम स्क्रीन वह विंडो है जो एप्लिकेशन शुरू होने पर दिखाई देती है। यह आपको एक नया दस्तावेज बनाने अलग, अलग वर्कस्पेस चुनने की सुविधा देती है।

--------------------------------------------------------------------------------

| **Chapter-14. Corel Draw X7. Keyboard Shortcut Key.** | |
|---|---|
| **Shortcut Key.** | **Option.** |
| I. | Artistic Media. |
| Ctrl + Page Up. | Back One. |
| Ctrl + K. | Break Apart. |
| Ctrl + B. | Brightness. |
| Ctrl + Enter. | Bring Up Property Bar. |
| Ctrl + T. | Character Formatting. |
| P. | Center of Page. |
| Shift + F11. | Color. |
| Ctrl + Shift + B. | Color Balance. |
| Ctrl + L. | Combine. |
| Ctrl +F9. | Contour. |
| Ctrl + F8. | Convert. |
| Ctrl + Shift + Q. | Convert Outline to Object Ctrl + Q. |
| Ctrl + Q. | Convert to Outline. |
| Ctrl + C. | Copy. |
| Ctrl + Insert. | Copy. |
| Ctrl + X. | Cut. |
| Shift + Delete. | Cut. |
| Delete. | Delete. |
| Ctrl + D. | Duplicate. |
| Alt + Shift + D. | Dynamic Guides. |
| Ctrl + Shift + T. | Edit Text. |
| F1. | Help. |
| Ctrl + F7. | Envelop. |
| X. | Eraser. |
| Ctrl + E. | Export. |
| Ctrl + Num2. | Font Size Decrease. |
| Ctrl + Num8. | Font Size Increase. |
| Ctrl + Page Up. | Forward One. |
| F11. | Fountain. |
| F5. | Freehand. |
| F9. | Full Screen Preview. |
| D. | Graph Paper. |
| Ctrl + F5. | Graphics and Text Styles. |
| Ctrl + G. | Group. |

| | |
|---|---|
| H. | Hand. |
| Ctrl + I. | Import. |
| Ctrl + F11. | Insert Symbol Characters. |
| N. | Interactive Fill. |
| Ctrl + N. | New. |
| Page Down. | Next Page. |
| Ctrl + V. | Paste. |
| Shift + Insert. | Paste. |
| F12. | Pen. |
| Y. | Polygon. |
| Alt + F1. | Position. |
| Page Up. | Previous Page. |
| Ctrl + P. | Print. |
| F6. | Rectangle. |
| Alt + F8. | Rotate. |
| Ctrl + Shift + S. | Save As. |
| Ctrl + S. | Save. |
| Alt + F9. | Scale. |
| Ctrl + A. | Select All Object. |
| F10. | Shape. |
| Alt + Z. | Shape to Object. |
| Ctrl + F12. | Spelling Check. |
| A. | Spiral. |
| F8. | Text. |
| Z. | Zoom. |
| **File (Alt+F).** | |
| New. | Ctrl + N. |
| Open. | Ctrl + O. |
| Save. | Ctrl + S. |
| Save As. | Ctrl + Shift + S. |
| Import. | Ctrl + I. |
| Export. | Ctrl + E. |
| Print. | Ctrl + P. |
| Exit. | Alt + F4. |
| **Edit (Alt+E).** | |
| Undo. | Ctrl + Z. |
| Redo. | Ctrl + Shift + Z. |

| | |
|---|---|
| Repeat. | Ctrl + R. |
| Cut. | Ctrl + X. |
| Copy. | Ctrl + C. |
| Paste. | Ctrl + V. |
| Delete. | Delete. |
| Symbol > Symbol Manager. | Ctrl + F3. |
| Duplicate. | Ctrl + D. |
| Step and Repeat. | Ctrl + Shift + D. |
| Find and Replace > Find Objects. | Ctrl + F. |
| Object Properties. | Alt + Enter. |
| **View (Alt+V).** | |
| Full-Screen Preview. | F9. |
| View Manager. | Ctrl + F2. |
| Snap to > Document Grid. | Ctrl + Y. |
| Snap to > Objects. | Alt + Z. |
| Dynamic Guides. | Alt + Shift + D. |
| Alignment Guides. | Alt + Shift + A. |
| **Arrange (Alt+A).** | |
| Transformations > Position. | Alt + F7. |
| Transformations > Rotate. | Alt + F8. |
| Transformations > Scale. | Alt + F9. |
| Transformations > Size. | Alt + F10. |
| Align and Distribute > Align Left. | L. |
| Align and Distribute > Align Right. | R. |
| Align and Distribute > Align Top. | T. |
| Align and Distribute > Align Bottom. | B. |
| Align and Distribute > Align Centers Horizontally. | E. |
| Align and Distribute > Align Centers Vertically. | C. |
| Align and Distribute > Center to Page. | P. |
| Order > To front of Page. | Ctrl + Home. |
| Order > To Back of Page. | Ctrl + End. |
| Order > To Front of Layer. | Shift+ Page Up. |
| Order > To Back of Layer. | Shift+ Page Down. |
| Order > Forward One. | Ctrl + Page Up. |
| Order > Backward One. | Ctrl + Page Down. |
| Group. | Ctrl + G. |

| | |
|---|---|
| Ungroup. | Ctrl + U. |
| Combine. | Ctrl + L. |
| Break Apart. | Ctrl + K. |
| Convert to Curves. | Ctrl + Q. |
| Convert Outline to Object. | Ctrl + Shift + Q. |
| **Effects (Alt+C).** | |
| Adjust > Brightness/Contrast/Intensity. | Ctrl + B. |
| Adjust > Color Balance. | Ctrl + Shift + B. |
| Adjust > Hue/saturation/Lightness. | Ctrl + Shift + U. |
| Contour. | Ctrl + F9. |
| Envelope. | Ctrl + F7. |
| Lens. | Ctrl + F3. |
| **Text (Alt+X).** | |
| Text Properties. | Ctrl + T. |
| Edit Text. | Ctrl + Shift + T. |
| Insert Symbol Character. | Ctrl + F11. |